


## एक नजर में

### 29-30 मई को भील मोहल्ला कसरावद में दो दिवसीय बच्चों का समर कैंप लगाया



**कसरावद, निप्र।** महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200 जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में व समाज में बेहतर सामाजिक सांस्कृतिक माहौल बनाने एवं बच्चों में सृजनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय समर कैंप कसरावद तहसील के भील मोहल्ला में लगाया गया। जिसमें बच्चों को पेंटिंग, क्राफ्ट वर्क व खेल गतिविधियां करवाई गई। कैंप का संचालन ज्योतिबा फुले विचार मंच से भारत चौहान ने किया। कैंप में विशाल भाई, अंकित भाई, चंद्रप्रकाशभाई, तनवीर भाई ने सहयोग किया। कैंप में लगभग 20 बच्चे शामिल हुए।

### आज दुनिया में तम्बाकू स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौतियों में अव्वल हैं : डॉ बामनिया



**मंडलेश्वर, निप्र।** तम्बाकू और उससे बने बीड़ी, सिगरेट, खैनी,जर्दा, गुटका, पाउच और अन्य उत्पाद का सेवन करने से व्यक्ति को कैंसर जैसा घातक रोग लग जाता हैं जिसका ईलाज बेहद खर्चीला होता हैं। यह बात सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडलेश्वर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजीस्ट डॉ विशाल बामनिया ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर की सचिव एवं वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन के निर्देश पर पी एल वी दुर्गेश राजदीप द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। कैंसर रोग के विशेषज्ञ डॉ बामनिया ने कहा कि आज दुनिया में तम्बाकू स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौतियों में अव्वल हैं। तम्बाकू के दुष्प्रभाव से लोगो को जागरूक करना जरुरी हैं। आज के युवा फैशन के रुप में पाउच गुटका सिगरेट का सेवन करते हैं जो बाद में उनकी आदत बन जाती हैं इसकी लत इतनी गंभीर हो जाती हैं कि व्यक्ति इससे छुटकारा नहीं पा सकता हैं। नशे कि लत व्यक्ति को गलत राह पर भी ले जाती हैं और व्यक्ति का जीवन खराब हो जाता हैं। तम्बाकू सेवन से कैसर, हार्ट प्रॉब्लम,फेफड़ों कि बीमारी हाय ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी से भी पीड़ित हो जाता हैं।पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में घातक होता हैं आज युवा इस नशे कि गिरफ्त में आकर अपने उद्देश्य से भटक रहा हैं। युवाओं को इस बुरी लत को छोड़ने का साहस करना चाहिए।आपने विधिक सेवा की जानकारी भी दी।डॉ विशाल बामनिया ने इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को तम्बाकू उत्पाद छोड़ने की शपथ दिलाई। विधिक साक्षरता शिविर में शरद पवार पूर्व पार्षद एवं केवट समाज अध्यक्ष गोपाल केवट नीलमणि ठाकुर सुश्री नेहा कानूड़े, सुश्री कुमकुम नागरे लीलाधर वर्मा कुणाल सोनी सहित युवा उपस्थित रहे।

### सनावद में विश्व तंबाकू नियंत्रण दिवस का आयोजन, लोगों ने दी शपथ



**सनावद, निप्र।** सिविल अस्पताल सनावद में विश्व तंबाकू नियंत्रण दिवस का आयोजन किया गया जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गईविश्व तंबाकू निषेध दिवस (World No Tobacco Day) हर साल 31 मई को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले जानलेवा नुकसान के बारे में जागरूक करना और उन्हें इसकी लत छोड़ने के लिए प्रेरित करना है... मुख्य उद्देश्यजानलेवा बीमारियों का खतरा : तंबाकू के सेवन से फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, दिल की बीमारियां और टीबी जैसी गंभीर समस्याएं होती हैं ?भारत में हर साल तंबाकू से लगभग 13 .5 लाख ( 1 .35 Million) लोगों की जान जाती है ?तंबाकू कंपनियों की चालों से बचाव : तंबाकू कंपनियों की भ्रामक मार्केटिंग से युवाओं को बचाना इसका मुख्य लक्ष्य है। पर्यावरण को बचाना : तंबाकू उत्पादन और उसके कचरे से होने वाले पर्यावरण के नुकसान को उजागर करना तंबाकू छोड़ने के फायदे ( कुछ ही घंटों में दिखने वाले बदलाव)20 मिनट के अंदर : हृदय गति ( Heart Rate) और ब्लड प्रेशर सामान्य हो जाते हैं।12 घंटे बाद : खून में कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सामान्य हो जाता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन आसानी से पहुँचने लगती है। 2 से 12 सप्ताह के भीतर : फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है और सांस लेने में आसानी होती है। 1 साल बाद : हृदय रोग ( Heart Disease) का खतरा धूम्रपान करने वालों की तुलना में आधा रह जाता है तंबाकू नियंत्रण कानूनभारत में सार्वजनिक स्थानों (जैसे कार्यालय, अस्पताल, बस स्टॉप) पर धूम्रपान करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है इसके अलावा, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को कानूनी और चिकित्सा सहायता भी दी जाती है साथिया के द्वारा रंगोली बनाकर जागरूक किया गया इसमें उपस्थित तंबाकू नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई डॉक्टर अभिषेक मुकाती सर एवं नर्सिंग स्टाफ , सनावद थाने से पुलिस टीम,परामर्शदाता उपस्थित रहे।

### ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में होगा भव्य श्याम संकीर्तन 7 जून को, भजनों से होगी बांके बिहारी की आराधना

**खरगोन, निप्र।** शहर की ग्रीन गोल्ड कॉलोनी स्थित बांके बिहारी मंदिर में आगामी 7 जून को एक भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर मंदिर समिति और श्याम प्रेमियों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने बताया कि अधिकमास में मंदिर में नियमित धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। रोजाना सुबह काकड़ आरती, शाम को संकीर्तन हो रहा है। पुरुषोत्तम मास में बांकी बिहारी की कृपा पाने के लिए संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है।7 जून को कार्यक्रम से पूर्व बाबा श्याम का दिव्य दरबार सजाया जाएगा। यह दरबार विशेष रूप से फूलों और आकर्षक सज्जा से सुसज्जित होगा, जो भक्तों के लिए भक्ति और श्रद्धा का केंद्र बनेगा। दरबार सजने के उपरांत, भजन संध्या की शुरुआत होगी। इस भजन संध्या में देश के जाने .माने भजन गायक अपनी मधुर प्रस्तुति से श्याम प्रेमियों को भावविभोर करेंगे। कार्यक्रम में सूरजगढ़ के प्रसिद्ध भजन गायक संजय सेन और इंदौर के रवि शर्मा अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठेगा। श्री बड़ोले ने बताया कि इस संकीर्तन का उद्देश्य भक्तों को एक साथ आकर भगवान श्याम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने का अवसर प्रदान करना है। आयोजकों ने बताया कि श्याम संकीर्तन के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों के आने की संभावना है। सभी श्याम प्रेमियों को इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए सादर आमंत्रित किया गया है।

# भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से की कार्ययोजना पर चर्चा

## भाषण के दौरान मंच से कूलर बंद करवाए, प्रधानमंत्री के बिजली-ईंधन का आह्वान को दोहराया

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह शनिवार बड़वाह पहुंचे। महेश्वर रोड स्थित उत्सव गार्डन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक विषयों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बड़वाह-महेश्वर विधानसभा के कार्यकर्ताओं से संवाद किया।





प्रदेश प्रभारी ने सबसे पहले मंच से कूलर बंद करवाए और प्रधानमन्त्री के बिजली व ईंधन की बचत का कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है। इसके बाद कार्यकर्ताओ से भाजपा के इतिहास, सरकार की योजनाओं और क्षेत्रीय धार्मिक महत्व से जुड़े सवाल पीछे। हालाकि उपस्थित कोई भी कार्यकर्ता प्रदेश प्रभारी जी के सवालों का जवाब नही दे सके। उन्होंने मंच से कह दिया कि यह देख कर तो लगता है कि जिले व मण्डल मे हुए प्रशिक्षण वर्ग शून्य है,लोग वहा केवल भोजन और फोटो केप्चर करने में भी ध्यान दिया होगा। इसके पहले जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मने,जिला प्रभारी संगीता सोनी, बड़वाह विधायक सचिन बिरला, महेश्वर विधायक राजकुमार मेव, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार बड़वाह मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष खुमान जाट ने प्रवेश गेट पर प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह जी का पुष्पमाला से स्वागत किया। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुरुआत की। जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्रियों ने अतिथियो का भाजपा का दुपट्टा से स्वागत किया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश पटेल, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, ऐश्वर्य उमड़ेकर, निशांत सोनी, अर्जुन केवट, ब्रजेन्द्र यादव, अधिश सोनी, रवि एरन सहित बड़वाह -महेश्वर मण्डल पदाधिकारी एवं बड़ी सख्या में कार्यकर्ता मोजूद थे। प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प को पूरा किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रदेश सरकार द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाना होगा। भाजपा की आगामी कार्ययोजना जनसंपर्क, संगठन विस्तार और केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को सरकार और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने संगठन विस्तार, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, युवा एवं महिला सहभागिता बढ़ाने तथा सोशल और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि 'हर घर भाजपा' के लक्ष्य के साथ संगठन को और अधिक सशक्त बनाना ही आने वाले समय की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रदेश प्रभारी ने मंच से ही प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं और उनसे जुड़े नवीनतम आंकड़े कार्यकर्ताओ को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा मोदी जी के नेतृत्व में चांद पर तिरंगा लहराया है और सूर्य तथा मंगल के लिए प्रयास जारी हैं। मोदी जी ने सड़कें, हाईवे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, एम्स बनाए। लाखों परिवारों को मुफ्त इलाज, आवास, गैस सिलेंडर, बिजली कनेक्शन और नल कनेक्शन दिये। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 2030 तक तीसरे स्थान पर पहुंचाने का संकल्प है।

# बांके बिहारी मंदिर में मना मेहंदी सेवा उत्सव भक्तों ने ठाकुरजी के चरणों में लगाई मेहंदी

**खरगोन, निप्र।** रोहिणी नक्षत्र में पड़ रही भीषण गर्मी की तपिश से राहत प्रदान करने और अधिकमास में भगवान की कृपा पाने के लिए शहर के ग्रीन गोल्ड कॉलोनी में विराजित बांके बिहारी मंदिर में एक विशेष मेहंदी सेवा उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर संस्थापक श्याम बड़ोले ने बताया की भक्तों ने मिलकर ठाकुर के चरणों को शीतलता देने के लिए मेहंदी उत्सव का आयोजन किया।



यह उत्सव ऐसे समय में किया गया जब क्षेत्र में गर्मी अपने चरम पर है और तापमान लगातार बढ़ रहा है। मंदिर में एकत्रित हुए भक्तों ने उत्साहपूर्वक ठाकुर की प्रतिमा के चरणों में मेहंदी का लेप किया। मान्यता है कि मेहंदी की तासीर ठंडी होती है और इसे लगाने से शीतलता मिलती है। भक्तों का मानना था कि जिस प्रकार मनुष्य गर्मी से राहत पाने के लिए विभिन्न उपाय करते हैं, उसी प्रकार देवता को भी इस तपिश से बचाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान, कई भक्त अपने हाथों में मेहंदी लेकर मंदिर पहुंचे और श्रद्धाभाव से ठाकुर के चरणों में इसे अर्पित किया। यह दृश्य भक्ति और सेवा भाव का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रहा था। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण और भी भक्तिमय हो गया। श्री बड़ोले ने बताया इस आयोजन का उद्देश्य केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि गर्मी के प्रति संवेदनशीलता और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करना भी था। भक्तों ने इस सेवा में बढ़.चढ़कर भाग लिया।

# मुनिश्री सुधा सागर महाराज के चातुर्मास के लिए समाजजन कर रहे श्रीफल समर्पित

**सनावद, निप्र।** बुंदेलखण्ड के विभिन्न स्थानों पर पैदल विहार कर जैनधर्म की प्रभावना करने वाले पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज अशोकनगर पंचकल्याणक कराने पहुंचे। जहां पार्श्व ज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती एवं अ.भा. दि. जैन विद्वत् परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र जैन ने पूज्य निर्यापक मुनिजी के चरणों में श्री फल समर्पित कर जिन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु मार्ग-दर्शन प्राप्त किया।



पूज्य मुनि संघ के चातुर्मास के लिए विभिन्न स्थानों की जैन समाज श्रीफल समर्पित कर रही है। मंच ने श्रीफल समर्पित किया। प्रियम जैन ने बताया कि संघ में वरिष्ठ क्षुल्लक श्री गम्भीर सागर वर्णी जी से बातचीत के दौरान दोनों विद्वानों ने नवीन साहित्य की रचना तथा प्रकाशन की जानकारी दी तथा बताया कि पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के जीवन व्यक्तित्व , कृतित्व पर ग्रंथ लेखन चल रहा है। डॉ नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि साधुओं के चातुर्मास स्थापना में अभी लगभग डेढ माह बाकी है लेकिन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के अत्यंत प्रभावी संत होने के कारण पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज संघ का चातुर्मास प्रत्येक स्थान का समाजजन अपने नगर में कराना चाहता है। भोपाल, जबलपुर, सागर, ललितपुर, गुना , सिरोंज इन्दौर, बहादरपुर आदि अनेक स्थानों के समाजजनों ने अनेक वाहनों में आकर श्रीफल समर्पित कर चातुर्मास हेतु निवेदन किया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**खरगोन, निप्र।** शहर के बिस्टान रोड़ पर रविवार शाम एक बाईक को तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक के हाथ में गंभीर चोंट आई है, जबकि एक बालक घायल हुआ है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की हालत बिगडने पर उसे रेफर कर दिया गया।

जानकारी अनुसार शाम करीब 4.30 बजे बिस्टान रोड़ पर पीजी कॉलेज के समीप ट्रक क्रमांक एमपी 07 एचबी 2839 बिस्टान रोड़ की ओर से आ रहा था। इसी दौरान ज्योति नगर से बाईक पर सवार होकर निकले युवक मोड़ पर ट्रक से जा भिड़े। हादसे में कलीम हुसैन निवासी अमन नगर को हाथ में गंभीर चोंट आने से प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर कर दिया गया, जबकि 14 वर्षीय उबैद वारिस का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार का दिन होने से मार्ग पर साप्ताहिक हाट की दुकानें भी लगी थी। टक्कर के बाद ट्रक चालक ने वाहन सहित फरार होने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर पकड़ा गया। इसके बाद वाहन पुलिस के सुपुर्द किया है।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में नए जिला पदाधिकारी नियुक्त, संगठन को नई ताकत मिलने की उम्मीद

**कसरावद, निप्र।** खरगोन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला खरगोन में संगठन को मजबूती देने और समुदाय के विकास के उद्देश्य से नए जिला पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस नियुक्ति में जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर भलसे की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश के साथ अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, तथा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी श्रीमती संगीता सोनी की अनुमति रही। नए पदाधिकारियों में महेश चौहान को जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र उपाध्याय को मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे की सहमति के साथ हुई इस घोषणा से जिले में संगठन की गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। पदाधिकारियों का चयन समाज के विकास और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए किया गया है।





# पानी की टंकी से मोटर पंप किया चोरी



**खरगोन, निप्र।** बलकवाड़ा कोतवाली क्षेत्र में पंचायत की पेयजल टंकी के कुएं से मोटर पंप चोरी मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस चोरी में शामिल तीन आरोपियों को चोरी के मोटर पंप के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 30 मई को पंचायत की पानी टंकी से मोटर पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले में ग्राम दगदखेड़ी के रहने वाले जगदीश पिता थावरिया जमरे, बहादुर पिता दगडिया डोडवे और राकेश पिता बाथु डोडवे को अभिरक्षा लिया गया। पूछताछ करने पर इन्होंने उक्त मोटर पम्प चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पर 1 मोटर पंप जब्त किया गया।

# वन क्षेत्र सीतापुरी में अज्ञात जानवर के हमलों से ग्रामीणों में दहशत

**खरगोन, निप्र।** जिले के ग्राम सीतापुरी में पिछले एक माह से अज्ञात जंगली जानवर के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इन लगातार हमलों के कारण ग्रामीण रात में अपने घरों से निकलने से भी कतरा रहे हैं। हाल ही एक ताजा घटना में किसान राजाराम नागर के यहां रात में अज्ञात जानवर ने बाड़े में घुसकर एक बकरी को मार डाला। इस घटना से ग्रामीणों का भय और बढ़ गया है। इससे पहले 20 अप्रैल को भी इसी किसान की चार बकरियों का शिकार किया गया था, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। ग्राम सीतापुरी, बरूड वन रेंज क्षेत्र में आता है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक माह का समय बीत जाने के बावजूद वन विभाग इस रहस्यमय जानवर की पहचान करने में विफल रहा है। इसके साथ ही, प्रभावित किसानों को अब तक कोई मुआवजा भी नहीं मिला है।



## एक नजर में

### विधायक सहित भाजपा जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

# नर्सरी में भाजपाइयों ने सुना प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम, दिखा उत्साह

**नवभारत न्यूज**

**बड़वाह, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को इस बार विशेषकर किसानों के साथ सामूहिक रूप से कार्यकर्ताओ ने सुना। बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरलाए में स्थित एक निजी नर्सरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में किसानों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134 वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी द्वारा आत्मनिर्भर भारत, प्राकृतिक खेती, कृषि नवाचार, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास से जुड़े प्रेरणादायी विचारों को उपस्थितजनों ने गंभीरता एवं उत्साहपूर्वक सुना। इस अवसर पर बड़वाह विधायक सचिन बिरला, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, भाजपा जिला प्रभारी संगीता सोनी सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान बंधु, भाजपा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। 'मन की बात किसानों के साथ' कार्यक्रम ग्राम सिरलाए में किसानों के सम्मान, जागरूकता एवं



सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी एवं सफल आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। विधायक सचिन बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान सशक्त, आत्मनिर्भर और आधुनिक तकनीकों से जुड़ रहा है। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि नवाचारों को अपनाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के विकास, किसानों की समृद्धि और जनभागीदारी को प्रेरित करने वाला सशक्त माध्यम है। वहीं जिला प्रभारी संगीता सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' घोषित किया जाना प्रदेश सरकार की किसान हितैषी सोच को दर्शाता है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान कल्याणकारी योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों तथा प्राकृतिक खेती के लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

किसानों ने प्रधानमंत्री के संदेशों से प्रेरित होकर कृषि क्षेत्र में नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष गणेश पटेल, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराना, जिला मंत्री अनिता मंत्री, जिला पंचायत सदस्य उमा लक्ष्मण काग, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खुमान जाट,लक्ष्मण काग, महेश गुर्जर,सरपंच राजकुमार वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमाता पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति चिन्ह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों एवं समाजसेवा से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।